ISO 9001:2015 CERTIFIED

सही समय कभी नहीं आता; सही समय वही है जब आप शुरुआत करते हैं

साप्ताहिक

# नीमच हेडलाइन्स

डाक पंजीयन क्रमांक मंदसौर 407/2025-27

पंजीयन क्रमांक- MPHIN/2018/76962

अंचल का तेज़ी से बढ़ता न्यूज़ नेटवर्क...

NEEMUCH HEADLINES

ख़बर वही, जो हम दिखाते है...

संस्थापक- स्व.इंद्रदेव जी जाजपुरा

प्रधान सम्पादक - अविनाश जाजपुरा

साप्ताहिक समाचार पत्र,एप, वेब पोर्टल और न्यूज़ चैनल

वर्ष - 08 | अंक- 12 | नीमच, बुधवार 10 से 16 सितम्बर 2025 तक | कुल पृष्ठ - 08 | मूल्य - 5 रू

## गड्ढों में गड्डे, गड्ढों में भाजपा की उन्नत सड़कें प्रदेश में विकास के नए द्वार वाली सड़क

# नीमच से चीताखेड़ा सड़क हो गई छलनी, बरसात के पानी से सड़क पोखर में हुई तब्दील, वाहन चालकों के लिए बनी जानलेवा

ब्यूरो रिपोर्ट- भगत मांगरिया



**चीताखेड़ा**। गड्ढों में गड्ढे, गड्ढों में केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार की उन्नत सड़कें लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती नजर आ रही है। चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात की तर्ज पर सड़क पर गड्ढों में गिट्टी मिट्टी से भरे गए थे लेकिन चार दिन बाद वही हाल हो गया।सारी गिट्टी मिट्टी वाहनों के टायरों से गायब हो गया मटेरियल। नीमच विधानसभा क्षेत्र के चीताखेड़ा से नीमच सड़क की दुर्दशा की, सड़क पर गड्ढे कहे या गड्ढों में सड़क। यहां तो सड़क गड्ढों में खो गई है।

जिला मुख्यालय से जुड़े ग्रामीण अंचलों की बरसात से कई सड़कों की हालत जीर्णशीर्ण हो गई है। वहीं सड़कों के गड्ढे इन दिनों जानलेवा बन रहे हैं। फिसलन और कीचड़ से सनी सड़कों पर लोगों का पैदल चलना तक दूभर हो गया है। जिला मुख्यालय से चीताखेड़ा गांव को जोड़ती मुख्य सड़क का हाल तो और भी बुरा है। सड़क पर आवागमन वाहन धारियों के लिए सिर दर्द और जान का खतरा बना हुआ है।

चीताखेड़ा से नीमच पहुंच सड़क मार्ग पर महुडिया में तो सड़क पूरी तरह से छलनी होकर गड्ढों में खो गई है यहां हर आधे फिट पर गड्डे इतने हैं कि एक गड्डे में गिरने से बचने के लिए 10 गड्ढों में गिरना पड़ रहा है,वाहन तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। यहां सड़क किनारे रहवासियों के तो बुरे हाल है घरों के बाहर खड़े रहना भी मुश्किल हो गया है। घर के बाहर निकलते ही मार्ग से गुजरने वाले वाहनों से किचड़ उछलकर लथपथ कर दिया जाता है। इन दिनों बरसात के शुरुआती दौर में ही चीताखेड़ा से नीमच जोड़ रही मुख्य सड़क की हालत तो बदतर हो गई है। जहां ऐसे रास्ते जो सड़क छोटे-छोटे तालाब में बदल गई हैं, इनसे राह चलते लोगों को भारी समस्या उठानी पड़ रही है वही रास्तों के बीचो-बीच गड्ढों के चलते दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं यही हाल कराडिया महाराज घाटी और धामनिया बस स्टैंड पर सड़क की है पानी की निकासी नहीं होने के कारण पानी भरा हुआ रहता है। सड़क में जगह-जगह हुए अनगिनत गड्ढों में इन दिनों जलभराव के बाद का नजारा तो और भी ज्यादा खतरनाक है। यह सड़क मार्ग पूरी तरह से छलनी हो गई है गड्ढों में सड़क परिवर्तित हो गई है, बारिश का पानी भर जाने से पोखर में बदल चुकी हैं। हर वक्त दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है इस रास्ते की बदहाली को लेकर दिन-प्रतिदिन इलाकाई लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है।बस मालिकों का कहना है कि सरकार हम से जब टेक्स वसूल करती है तो सड़क सुविधा क्यों नहीं दी जाती है। बसों में आए दिन कमानी पत्ते टूट रहे हैं। हमें आर्थिक रूप से नुकसान भी उठाना पड़ रहा है।

### प्रशासन का रवैया दुलमुल

नीमच विधानसभा क्षेत्र के चीताखेड़ा समेत क्षेत्र में कई जगह खस्ताहाल सड़कों के बावजूद प्रशासन ने कोई एहतियाती कदम नहीं उठाए। खासकर चीताखेड़ा से नीमच और चीताखेड़ा से जीरन पहुंच मार्ग में विगत कई वर्षों से सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है जहां से सफर जानलेवा होने के बावजूद प्रशासन ने गड्ढों को वैकल्पिक व्यवस्था से ठीक कराने की कोई व्यवस्था नहीं की।

### इन गांवों की जनता आज भी डामरीकरण सड़क के लिए तरस रही है

आज भी राबडिया से हरनावदा,बरकटी से घसुण्डी जागीर, जामनगर से बरकटी, पिपलिया जागीर से खडवेलिया, चीताखेड़ा से गमेरपुरा,भिलोकाखेडा, हरनावदा से गोविंदपुरा गांव की जनता डामरीकरण सड़क के लिए तरस रही है। नीमच क्षेत्रीय विधायक दिलीप सिंह परिहार विगत 13 सालों से विकास के लिए कृतसंकल्पित जरुर रहे हैं। लेकिन भाषण बाज बनकर रह गए हैं।

### इनका कहना :-

*नीमच चीताखेड़ा मार्ग टू लाइन स्वीकृति मिल गई है और टेंडर भी हो गया है। सिर्फ आर्डर मिलना शेष है। अभी इन गड्ढों में स्थाई निर्माण नहीं कर सकते हैं।मड़ूडिया , धामनिया और कराड़िया महाराज में मुख्य सड़क पर ज्यादा गड्डे हो गये है हम उसमें फिलहाल मिट्टी भरवाकर वैकल्पिक व्यवस्था शीघ्र ही करवाकर चलायमान कर लेंगे।*

***सुरज जानिया,*** *SDO पीडब्ल्यूडी विभाग नीमच।*

## कार में गैस रिफिलिंग के दौरान अचानक लगी आग



**कुकड़ेश्वर** थाना क्षेत्र के देथल गांव में सोमवार सुबह आग की भयावह घटना सामने आई। मकान मालिक रमेश नागदा के घर में कार में गैस रिफिलिंग के दौरान अचानक आग भड़क उठी। चंद मिनटों में आग ने पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेज़ी से फैली कि एक कार, दो मोटरसाइकिलें और करीब 5 लाख रुपए नकद जलकर खाक हो गए। इसके अलावा 10 क्विंटल से अधिक खरबूजे के बीज, सोयाबीन और गेहूं भी नष्ट हो गए। पीड़ित परिवार ने अनुमान लगाया है कि कुल नुकसान 50 लाख रुपए से अधिक का हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। राहत की बात यह रही कि समय रहते घर के सभी सदस्य बाहर निकल गए, जिससे जनहानि टल गई। स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। प्रारंभिक जांच में आग का कारण गैस रिफिलिंग बताया जा रहा है, हालांकि विस्तृत जांच अभी जारी है। इस हादसे से पूरे गांव में दहशत का माहौल है।

## पुलिस कांस्टेबल पर 1.55 लाख की उगाही का आरोप



नीमच में एक पुलिस कांस्टेबल पर अवैध रूप से हिरासत में रखने, मारपीट करने और 1.55 लाख रुपए की उगाही करने का आरोप लगा है।

## जावद कोर्ट का फैसलाः अफीम तस्करी के आरोपी को 10 साल की कैद

**जावद** की विशेष एनडीपीएस न्यायालय ने गुरुवार को अवैध अफीम रखने के मामले में बड़ा फैसला सुनाया। न्यायाधीश विनोद कुमार पाटीदार ने चड़ोल निवासी 54 वर्षीय बंशीलाल धाकड़ को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष का सश्रम कारावास और 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है।

### छापे में बरामद हुई थी अफीम

पुलिस को 8 जून 2023 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बंशीलाल धाकड़ अपने घर में अफीम छिपाकर रखे हुए है। उपनिरीक्षक अजय कुमार की अगुवाई में पुलिस दल ने सुबह 6:30 बजे आरोपी के घर पर दबिश दी।

तलाशी के दौरान मकान के अनाज भंडारण कक्ष में बुखारी से प्लास्टिक बाल्टी में रखी दो थैलियों से कुल 4



किलो 100 ग्राम अफीम बरामद की गई।

### अदालत में साबित हुआ अपराध

सुरक्षा कारणों से बरामदगी की आगे की कार्रवाई सिंगोली कार्यालय में पूरी की गई। मामले का चालान विशेष न्यायालय जावद में पेश किया गया, जहां अभियोजन पक्ष ने सभी गवाहों के बयान कराए। सबूतों के आधार पर अदालत ने आरोपी की संलिप्तता सिद्ध मानते हुए उसे दोषी ठहराया।

## भोले भाले लोगो को झुठी कहानी बताकर फोन पे व गुगल पे पर रुपये डलवाकर धोखाधड़ी करने वाला शातिर आरोपी गिरफ्तार

ब्यूरो रिपोर्ट- निखिल सोनी

**मंदसौर**। विनोद कुमार मीणा पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेरसिंह बघेल व अनुविभागीय अधिकार पुलिस मंदसौर ग्रामीण श्रीमति कीर्ति बघेल के निर्देशन में थाना प्रभारी उनि शेलेन्द्र सिंह कनेश के द्वारा लोगो उनके परिचित का एक्सीडेंट / अस्पताल में भर्ती/ पुलिस थाने पर रिपोर्ट की फर्जी सुचना देकर फोन पे गुगल पे पर रुपये डलवाने वाले शातिर आरोपी की पतारसी कर गिरफ्तार करने में सफलता मिली। जानकारी अनुसार दिनांक 09.07.25 को आवेदक रामगोपाल पिता अमीरचन्द्र सांलित्रा जाति धाकङ निवासी बडवन पर मोबाईल फोन पर फोन लगाकर आवेदक के परिचित का एक्सीडेंट होने कि फर्जी सुचना देकर




इलाज के लिये फोन पे पर 4000 रुपये डलवा लिये। बाद में आवेदक को पता चला की आवेदक के किसी परिचित के साथ एक्सीडेंट या अनहोनी घटना नही हुई है तथा आरोपी दिलीप सुतार द्वारा उसके मोबाईल नम्बर 9993129020 से फरियादी को झुठी सुचना देकर धोखाधड़ी कर 4000 रुपये ऐठे गये है। जिसकी शिकायत आवेदन पर थाना अफजलपुर पर अपराध पंजीबद्ध कर जाँच करते मोबाईल नम्बर व एकाउंट नम्बर के धारक की तलाश कर आरोपी दिलीप सुतार को गिरफ्तार किया गया जो आरोपी दिलीप सुतार द्वारा बताया की वह भोले भाले लोगो से उनके परिचित का एक्सीडेंट व बिमारी व खुद के परिवार में अनहोनी घटना की कहानी सुनाकर उनसे ओनलाईन पेमेंट डलवाकर धोखाधडी करता हूँ। आरोपी दिलीप द्वारा अन्य कई लोगो के साथ भी इसप्रकार की घटना की जा चुकी है जिसके सबंध में आरोपी से पृथक से पुछताछ की जाकर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। प्रथम दृष्टया आरोपी दिलीप सुधार का कृत्य धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता का पाया जाने से थाना अफजलपुर पर अपराध क्रमांक 152/2025 धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता का पंजीबद्ध कर अग्रिम विवेचना जारी है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव श्रमिक परिवारों के खातों में अंतरित करेंगे 175 करोड़ रूपये की सहायता राशि

**नीमच।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 9 सितम्बर को मंत्रालय भोपाल में संबल योजना अंतर्गत, अनुग्रह सहायता के 7953 प्रकरणों में 175 करोड़ रूपये सिंगल क्लिक से हितग्राहियों के खातों में अंतरित करेंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल भी उपस्थित रहेंगे। संबल योजना के अंतर्गत प्रारम्भ से अब तक 7 लाख 60 हजार 866 प्रकरणों में 7046 करोड़ रूपये से अधिक के हितलाभ वितरित किये जा चुके है। संबल योजना, प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए महत्वपूर्ण योजना है। अनुग्रह सहायता के अंतर्गत दुर्घटना में मृत्यु होने पर 4 लाख रूपये एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रूपये प्रदान किये जाते हैं।इसी प्रकार स्थायी अपंगता पर 2 लाख रूपये एवं आंशिक स्थायी अपंगता पर 1 लाख रूपये और अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5 हजार रूपये प्रदान किये जाते हैं। संबल योजना में महिला श्रमिक को प्रसूति सहायता के रूप में 16 हजार रूपये, श्रमिकों के बच्चों को महाविद्यालय शिक्षा प्रोत्साहन योजना में उच्च शिक्षा का सम्पूर्ण शिक्षण शुल्क राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है।

# श्री सीताराम जाजू कन्या महाविद्यालय में विशाल रंगोली के साथ हुआ सद्भावना पखवाड़े का समापन

**नीमच।** श्री सीताराम जाजू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शासन के निर्देशानुसार 20 अगस्त से सद्भावना पखवाड़े का शुभारम्भ किया गया। शुभारम्भ अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रतिभा कालानी द्वारा छात्राओं एवं महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं से संकल्प पत्र भी भरवाये गये व जागरूकता हेतु हस्ताक्षर बैनर पर हस्ताक्षर करवाये। सद्भावना पखवाड़े अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं पोस्टर निर्माण, डिजिटल पोस्टर मैकिंग, स्लोगन लेखन का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विजेता रही छात्राओं को सद्भावना पखवाड़े के समापन अवसर पर पुरस्कृत किया गया। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. गरिमा सैनी, द्वितीय कु. आस्था शर्मा एवं तृतीय स्थान संयुक्त रूप से कु. प्रियांशी शर्मा व कु. खुशी मेहरा ने प्राप्त किया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान कु. गरिमा सैनी, कु. खुशी मेहरा व कु. कोमल मेहड़ा ने प्राप्त किया। डिजिटल पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में कु. गरिमा सैनी, कु. प्रियल जैन व कु. खुशी मेहरा क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही। समूह रंगोली में सहभागिता के लिये कु. गरिमा सैनी, कु. प्रियल जैन, कु. खुशी मेहरा, कु. ईशा सोनी, कु. पूनम सोनी एवं कु. संजना को पुरस्कृत किया गया। सद्भावना पखवाड़ा अन्तर्गत आयोजित विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये कु. गरिमा सैनी को विशेष प्रशस्ति एवं मेडल से सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण के अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रतिभा कालानी, डॉ. बीना चौधरी, डॉ. अलकेश जायसवाल, प्रो. विजया वधवा, डॉ. रश्मि हरित, डॉ. देवेश सागर एवं डॉ. शालिनी श्रीवास्तव उपस्थित रहे। सद्भावना पखवाड़े का सम्पूर्ण संचालन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रश्मि वर्मा द्वारा किया




# किसी भी विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति का भुगतान लंबित ना रहे-डॉ.यादव

## मुख्यमंत्री ने दिए अभियान चलाकर, पेंशन प्रकरणों के निराकरण के निर्देश




**नीमच।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने आज मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान ऑनलाइन में आए 12 जिलों के चिन्हित प्रकरणों पर आवेदकों से संवाद कर उनकी शिकायतों का निराकरण कराया।इस मौके पर मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना एवं अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी समाधान राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। समाधान ऑनलाइन में मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने अभियान चलाकर, लंबित सभी पेंशन प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा, कि कोई भी पेंशन का प्रकरण लंबित ना रहे। जननी सुरक्षा योजना के हितग्राहियों को समय पर लाभ मिलना चाहिए। उन्होने अभियान चलाकर जननी सुरक्षा योजना एवं प्रसुति सहायता योजना के लंबित प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए। नीमच में एन.आई.सी.कक्ष में आयोजित इस वीडियो कांफ्रेसिंग में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, एस.पी.श्री अंकित जायसवाल, जिला पंचायत सी.ई.ओ.श्री अमन वैष्णव, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़, श्री बी.एस.कनेश सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी भी उपस्थित थे।

# कृति की सरकारी बनाम निजी स्कूलों पर परिचर्चा सपन्न

**नीमच।** शहर की अग्रणी साहित्यिक, सांस्कृतिक, सामाजिक संस्था कृति ने अन्नपूर्णा सेवा न्यास के कार्यालय हॉल में सरकारी शिक्षा संस्थाओं में विद्यार्थियों की घटती संख्या एवं निजी स्कूलों के प्रति बढते आकर्षण विषय पर नीमच शहर के सरकारी व निजी शिक्षण संस्थाओं के प्राचार्य, प्राध्यापक व प्रबंधकों की एक परिचर्चा आयोजित की। इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस में वनस्पति शास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ.अर्चना पंचोली ने कहा कि सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। स्कूलों का इन्फ्रास्ट्रक्चर बहुत खराब है। कमजोर प्रशासनिक ढांचा, शिक्षकों की कमी भी निजी शिक्षण संस्थाओं की बढती संख्या में महत्वपूर्ण कारण है। निजी विद्यालय संचालक अजय भटनागर ने कहा कि निजी स्कूल में बच्चों को पढाना स्टेटस सिम्बल बन गया है। सारे देश में एक सी शिक्षा नीति होनी चाहिए। नई शिक्षा नीति में प्राथमिक स्तर पर मात्र भाषा में शिक्षण के लिये कहा गया है परन्तु यह नहीं हो रहा है। पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी सी.के.शर्मा ने कहा कि प्रभावशाली लोग गांवों में निजी स्कूल खोल लेते हैं, जिसके कारण सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या घट जाती है परन्तु कुछ समय बाद सरकार के तय मापदण्ड पूरे नहीं करने पर ये स्कूल भी बंद हो जाते हैं। जाजू कन्या महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य डॉ.मीना हरित ने कहा कि निजी स्कूल शिक्षण संस्था से अधिक व्यावसायिक केन्द्र बन गये हैं। सरकारी स्कूल कॉलेज में पढाने वाले पर्याप्त शिक्षक नहीं होते। जो होते हैं उनमें से भी कई अपना दायित्व का ईमानदारी से निर्वाह नहीं करते। सांदीपनि स्कूल के प्राचार्य किशोर जैन ने कहा कि जिन स्कूलों का प्रबंधन अच्छा है वह स्कूल अच्छे चल रहे हैं। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के समर्पण पर भी बच्चों की संख्या पर असर पडता है। ज्ञानोदय विश्वविद्यालय की कुलगुरू डॉ.माधुरी चौरसिया ने कहा कि निजी स्कूलों में नर्सरी से बच्चा जुड जाता है जबकि सरकारी स्कूलों में 6 वर्ष की उम्र में प्रवेश मिलता है। डिजीटल शिक्षा, प्रबंधन,




मॉनिटरिंग, सर्वांगीण विकास, ग्रामीण क्षेत्र से शहरों में पलायन भी सरकारी स्कूलों से छात्रों को निजी स्कूल कॉलेज की तरफ आकर्शित करते हैं। सरकारी कॉलेज में व्यवसायिक शिक्षा का अभाव भी छात्रों को निजी कॉलेज में जाने के लिये प्रोत्साहित करता है। पालक संघ के अध्यक्ष जगदीश शर्मा ने कहा कि सरकारी स्कूल में अच्छे भवन, शिक्षकों की कमी, सरकारी हस्तक्षेप, बडे कारण हैं। हमारे शहर में सीएम राइस स्कूल (सांदीपनि स्कूल) के भवन की जमीन तय नहीं होना इसका बडा उदाहरण है। पत्रकार मुकेश सहारिया ने कहा कि शिक्षा में राजनीतिक हस्तक्षेप, शिक्षकों को गैरशैक्षणिक कार्यों में लगाये रखना व शिक्षकों का दबाव में कार्य करना भी सरकारी स्कूलों में छात्रों के पलायन की बडी वजह है। सरकारी स्कूलों में शिक्षा अच्छी है परन्तु जनता में विश्वास नहीं है। प्राध्यापक डॉ.एन.के.डबकरा ने कहा कि शासन चाहे तो शिक्षा का स्तर सुधर सकता है। शिक्षा पर बजट कम रहता है, इसे बढाने की आवश्यकता है। व्यवसायिक शिक्षा पर जोर दिया जाना चाहिए। क्रिएटिव माईण्ड स्कूल के डायरेक्टर विकास मदनानी ने कहा कि सरकारी स्कूलों में पाठ्यक्रम में नवीनता एवं रचनात्मकता नहीं है। निजी विद्यालय समयानुसार स्वयं को ढाल लेते है। डॉ.बीना चौधरी प्राध्यापक जाजू कॉलेज ने कहा कि शासकीय योजनाओं का लाभ निजी विद्यालयों व महाविद्यालयों को नहीं दिया जाए तो फर्क नजर आएगा। कृति अध्यक्ष डॉ.अक्षय पुरोहित ने कहा कि सरकारें मध्यान्ह भोजन, निःशुल्क पुस्तकें, छात्रवृत्तियां, सायकल वितरण तो कर रही हैं परन्तु शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दे रही है। जिम्मेदार शिक्षक, आधुनिक संसाधन, अनुशासिक वातावरण और बेहतर परिणाम सरकारी स्कूलों की प्राथमिकता होनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश चौधरी ने किया। इस अवसर पर किशोर जेवरिया, प्रकाश जाजू, दर्शनसिंह गांधी, डॉ.पृथ्वीसिंह वर्मा, रघुनंदन पाराशर, बाबूलाल गौड, महेन्द्र त्रिवेदी, घनश्याम अम्ब, राजेश जायसवाल, नीरज पोरवाल, सत्येन्द्रसिंह राठौड, गणेश खण्डेलवाल, महेश शर्मा आदि कई प्रबुद्धजन उपस्थित थे। आभार कृति सचिव कमलेश जायसवालने व्यक्त किया।

# अपर कलेक्टर ने की जनसुनवाई-85 आवेदकों की सुनी समस्याएं

**नीमच।** कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में मंगलवार को एडीएम श्रीमती लक्ष्मीगामड़, श्री बी.एस.कलेश ने की जनसुनवाई-85 आवेदकों की सुनी समस्याएं और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस मौके पर एसडीम श्री संजीव साहू, डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्रसिह धार्वे, सुश्री मयूरी जोक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में अमरपुरा में ईश्वरलाल, कुण्डला के नाहरसिह , देहपुर के निर्मलदास, बगीचा नं.4 नीमच के आतिफ पठान,रिसाला मस्जिद दरगाह नीमच के शाबीर, खेरमालिया के ऊकारलाल,जीरन की संगीता कुंवर, अठाना के चांदमोहम्मद, विशन्या के राहुल, बिसलवास कलां के राधाबाई, भदाना के धनराज, मनासा के अजीज बेग, अरनिया मामादेव के कारूलाल, नीमच सिटी के सविताबाई, रतनगढ़ की सुशीला बैरागीने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरहसुवाखेडा की चंचल, कुम्हारा गली नीमच के इकराम कुरैशी, हरवार की रामकन्याबाई, नरसिंगपुरा की लालीबाई रावत, रामपुरा के रामलाल, कारूण्डा के शाहीद खान , कंजार्डा के प्रकाशचंद्र, पिपलियाबाग के गुलनाज बेगम, रेवली-देवली के शांतिलाल नागदा, डुंगलावदा के शिवलाल ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जिस पर एडीएम ने कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।



# आईएएस कमलेश भार्गव का नाम बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज

## नीमच जिला पंचायत सीईओ रहते हुए किए थे कई उत्कृष्ट कार्य



नीमच के जिला पंचायत सीईओ रहे आईएएस अफसर कमलेश कुमार भार्गव ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। वर्ष 2023-24 में "नशा मुक्त भारत अभियान" के अंतर्गत उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट नवाचार और अभिनव कार्यों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है। इन्हीं कार्यों को देखते हुए "बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड, लंदन" में उनका नाम दर्ज किया गया है। यह गौरव पूरे मध्यप्रदेश और भारत के लिए है। कमलेश कुमार भार्गव की दूरदर्शिता, नेतृत्व क्षमता और समाज सुधार के प्रति समर्पण ने यह असंभव प्रतीत होने वाली उपलब्धि संभव बनाया है। इस सफलता ने न केवल प्रशासनिक क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, बल्कि समाज को नशा मुक्ति की दिशा में प्रेरणा देने वाला मार्ग भी दिखाया है। उल्लेखनीय है की नीमच जिला पंचायत सीईओ रहते हुए श्री भार्गव ने कई उत्कृष्ट कार्य किए हैं।

## गाय को शिकार बना रहा था तेदुआ और लोग चिल्ला उठे

नीमच जिले के कुकड़ेश्वर कंजार्डा मार्ग पर देर रात एक तेंदुआ सड़क के किनारे एक गाय को शिकार बना रहा था। गाय को पीछे दबोच बैठे तेंदुए पर नजर एक गाड़ी में सवार लोगों की पड़ी। लोगों ने गाड़ी हेडलाइट चमकाई और हार्न बजाने के साथ चिल्लाए तो तेंदुआ भाग खड़ा हुआ।

# नयागांव पुलिस ने की कार्यवाही , डिजायर कार और स्कूटर से पकड़ाया डोडाचूरा

नयागांव चौकी पुलिस ने रविवार को हाईवे पर विशेष अभियान के दौरान मारुति सुजुकी स्विफ्ट डिजायर कार और यामाहा फेसिनो स्कूटर से 80 किलो अवैध डोडाचूरा जब्त किया है। पुलिस ने चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा और चौकी प्रभारी मंगलसिंह राठौड़ की टीम ने अठाना-अरनोदा रोड पर चार खंभा चौराहे पर नाकाबंदी की। इस दौरान एक फेसिनो स्कूटर और स्विफ्ट डिजायर कार आती दिखी। वाहन चालक पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। तलाशी में कार से 80 किलो डोडाचूरा बरामद हुआ। पुलिस ने स्कूटर सवार योगेश सोनी और सुमित हरिजन को गिरफ्तार किया। दोनों चित्तौड़गढ़ के रहने वाले हैं। कार चालक नवीन बंजारा चित्तौड़गढ़ का और उसका साथी गजेन्द्रसिंह नागौर का रहने वाला है। ये सभी माल लेकर वापस चित्तौड़गढ़ जा रहे थे। पुलिस ने डोडाचूरा, कार और स्कूटर जब्त कर आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 में मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री के निर्देश पर चलाए जा रहे अवैध




मादक पदार्थों के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत की गई है। मामले की जांच जारी है।

# इनरव्हील डायमंड ने किया शिक्षक दिवस पर 35 शिक्षिकाओं का सम्मान



**नीमच** टइनरव्हील क्लब ऑफ नीमच डायमंड द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सहकार भवन पर भव्य शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले की चिन्हित विद्यालयों से आई कुल 35 शिक्षिकाओं का सम्मान शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर किया गया वही इनरव्हील नेशन बिल्डर अवार्ड से शासकीय प्राथमिक विद्यालय खड़ावदा के अध्यापक दशरथसिंह राठोर का विशेष सम्मान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष पूजा गर्ग ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में क्लब द्वारा गोद लिए हुए स्कूल की अध्यापिका शिप्रा जैन उपस्थित रही। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। क्लब अध्यक्ष पूजा गर्ग ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए शिक्षकों की महत्ता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि शिप्रा जैन ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक समाज के पथ प्रदर्शक होते हैं। वे बच्चों के जीवन में संस्कार, शिक्षा और अनुशासन का बीजारोपण करते हैं। समाज की प्रगति में शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर सम्मानित शिक्षिकाओं ने भी अपने अनुभव साझा किए और इनरव्हील डायमंड क्लब के इस आयोजन की सराहना की। इस मौके पर क्लब से अन्नपूर्णा शर्मा,शिवांगी जैन,हिना बदलानी,पलक खण्डेलवाल,दिशा सैनी,लक्ष्मी शर्मा,रिंकू प्रजापति,दीपिका खण्डेलवाल,रिंकी पंजवानी,जयंती एनिया,प्रियंका नागदा,अदिति चण्डक मंच संचालन क्लब उपाध्यक्ष रिंकी तापड़िया ने किया तथा अंत में क्लब की ओर से आभार दिव्या जैन ने व्यक्त किया

# संबल योजना के तहत सिंगल क्लिक के माध्यम से 7953 श्रमिक परिवारों को 175 करोड़ की राशि का वितरण




**नीमच**। संबल योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश के 7953 श्रमिक परिवारों को 175 करोड़ का वितरण किया गया। जिसमें जिले के 43 श्रमिक परिवारों को 92 लाख रूपये राशि से लाभांवित किया गया। एन.आई.सी.कक्ष नीमच में एडीएम श्री बी.एस.कलेश की उपस्थिति में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का जिले में सीधा प्रसारण किया गया। इस मौके पर श्रम निरीक्षक श्री सज्जनसिह चौहान व हितग्राही उपस्थित थे।

# स्विमफ्लाय खिलाड़ियों ने रचा इतिहास, 2 गोल्ड सहित 5 मैडल जीत वर्ल्ड चैम्पियंशिप के लिए दी दस्तक

## विजय जुलूस में विधायक, एसपी व खेलप्रेमियों द्वारा स्वागत



**नीमच**। 9 वी लेज़र रन आल इंडिया नेशनल चैम्पियनशिप, बेगूसराय (बिहार) में नीमच के खिलाड़ियों ने पहली बार भाग लेते हुए शानदार प्रदर्शन कर इतिहास रच दिया। मेंटोर प्रभु मुलचंदानी और मोटिवेटर राकेश कुठारी ने बताया कि नीमच के चार खिलाड़ियों ने कुल 5 पदक अपने नाम किए, जिनमें 2 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य शामिल हैं। पदक विजेताओ में कनकश्री तेजप्रकाश धारवाल – 2 स्वर्ण पदक, आरव वीरेंद्र शर्मा – 1 रजत पदक, सिद्धांत सिंह गोपाल सिंह जादोन – 1 कांस्य पदक, अश्मी मयंक कटारिया – 1 कांस्य पदक जीते। ऐतिहासिक प्रदर्शन के साथ पहली ही बार राष्ट्रीय स्तर पर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई। प्रतियोगिता से लौटने पर खिलाड़ियों का शहर में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। विजयी जुलूस में स्वागत की कड़ी में विधायक दिलीप सिंह परिहार, एस पी अंकित जायसवाल से लेकर विभिन्न चौक-चौराहों पर पहुँचा, जहाँ आम नागरिकों और खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों का गर्मजोशी से ढोल धमाके, पुष्पवर्षा, आतिशबाजी कर सभी खिलाड़ियो कोचेस का जोरदार अभिनंदन किया। मॉडर्न पेन्टाथलॉन के अध्यक्ष डॉ. मनीष चमड़िया एवं सह-सचिव मयंक कटारिया ने कहा कि यह उपलब्धि साहसिक खेलों के क्षेत्र में नीमच का नाम रोशन करने वाली है। उन्होंने बताया कि पूरे भारत से आए खिलाड़ियों में नीमच की टीम ने अलग ही पहचान बनाई। इन खिलाड़ियों को तैयार करने में कोचेस का विशेष योगदान रहा। जिसमे समीर सिंह जादोन, नीलेश घावरी, आयुष गोड , सुधा सोलंकी, अभिषेक अहीर, रोहित अहीर और शुभम स्वर्णकार ने दिन में 5-6 घंटे तक लगातार अभ्यास करवाया, जिसकी बदौलत खिलाड़ी इस मुकाम तक पहुँचे।

# जमीन विवाद के कारण आर्मी के जवान के साथ मारपीट करने वाले दो आरोपियो को 03-03 माह का सश्रम कारावास





नीमच। श्री विशाल खाड़े, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, नीमच द्वारा पुराने जमीन विवाद की रंजीश के कारण आर्मी के जवान के साथ मारपीट करने वाले दो आरोपीगण (1) पर्वतसिंह पिता निर्भयसिंह राजपूत, उम्र-38 वर्ष एवं (2) कमलसिंह पिता देवीसिंह सौंधिया, उम्र-35 वर्ष, दोनो निवासी-ग्राम मेलकी मेवाड़, थाना नीमच सिटी, जिला-नीमच को धारा 323/34 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 03-03 माह के सश्रम कारावास व 1000-1000 रूपये का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओं अजय वर्मा द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 05 वर्ष पूर्व दिनांक 17.09.2020 की दिन के लगभग 12 बजे ग्राम मेलकी मेवाड़ स्थित शासकीय स्कूल के पास की हैं। फरियादी दिलीप राजपूत आर्मी में जवान हैं और वह छुट्टी पर उसके गांव आया हुआ था। फरियादी और आरोपीगण का घर एक दूसरे के आमने सामने हैं तथा उनके मध्य पूर्व से ही जमीन के विवाद को लेकर रंजिश चली आ रही हैं। घटना दिनांक को फरियादी कुए पर जा रहा था तब आरोपीगण जमीन की रंजिश को लेकर उसके साथ विवाद करने लगे तथा पर्वतसिंह ने पत्थर से तथा कमलसिंह ने लकडी से फरियादी के साथ मारपीट कर चोटे पहुंचाई। घटना स्थल के आस-पास मौजूद लोगों ने आकर बीच बचाव किया। फरियादी ने घटना की रिपोर्ट पुलिस थाना नीमच सिटी पर की जिस पर से अपराध पंजीबद्ध किया गया व फरियादी का मेडिकल किये जाने के बाद आवश्यक अनुसंधान उपरांत अभियोग पत्र नीमच न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से न्यायालय में फरियादी व चश्मदीद साक्षी सहित सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराते हुवे आरोपीगण को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपीगण को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया एवं जुर्माने की राशि में से 1000 रूपये प्रतिकर के रूप में पीडित दिलीप को प्रदान करने का आदेश भी दिया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी अजय वर्मा, एडीपी ओ द्वारा की गई।

# जीएसटी सुधार, आम आदमी को सुविधा और समृद्धि देने वाला उपहार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**नीमच** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नये जनरेशन का जीएसटी रिफॉर्म लाकर जो सुधार किया है, वह आम आदमी, किसानों, एमएसएमई, मध्यम वर्ग, महिलाओं और युवाओं के जीवन को स्वावलंबी बनायेगा। यह आम आदमी के जीवन को सुविधा देने वाला उपहार है। अब की बार पूरा देश स्वदेशी से समृद्धि के संकल्प के साथ दीपावली मनाएगा। स्वदेशी से स्वावलंबन के दीप घर-घर जलेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक के पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रीगण से कहा कि हम सब को जीएसटी सुधारों की जानकारी जन-जन तक पहुँचानी चाहिए। संचार के सभी माध्यमों से इसका प्रचार-प्रसार किया जाये।

## स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार की थीम पर होगा कार्यक्रम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेशवासियों के लिए गर्व और प्रसन्नता का विषय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 17 सितंबर को धार जिले के बदनावर में पीएम मित्र पार्क का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार, स्वदेशी, एक पेड़ मां के नाम, एक बगिया मां के नाम, पीएम-जनमन योजना, धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान और मिशन कर्मयोगी की थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## अस्वच्छ क्षेत्रों का चिह्नांकन कर उन्हें स्वच्छ बनाने के लिए होंगी गतिविधियां

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा की थीम पर सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। स्वच्छोत्सव की थीम पर शहरी और ग्रामीण इलाकों में अस्वच्छ क्षेत्रों का चिह्नांकन कर उन्हें स्वच्छ बनाने के लिए गतिविधियां होंगी। पखवाड़े के अंतर्गत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इन गतिविधियों में स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संस्थाओं, धार्मिक संगठनों को भी सहभागी बनाया जाए। मंत्रीगण प्रशासनिक, अधिकारी और राजनीतिक पदाधिकारी का सहयोग लेते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में स्वच्छता- सेवा गतिविधियों का अधिक से अधिक विस्तार करें।

## आगामी वर्षों की कार्य योजना और विजन डॉक्यूमेंट पर होगी चर्चा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दशहरे के बाद भोपाल में दो दिवसीय कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। कॉन्फ्रेंस में कलेक्टर, एसपी, कमिश्नर, आईजी और पुलिस कमिश्नर भाग लेंगे। कॉन्फ्रेंस में आगामी वर्षों की कार्ययोजना और विजन डॉक्यूमेंट पर भी चर्चा होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रीगण को इससे पहले अपने-अपने विभागों की विस्तृत समीक्षा करने के निर्देश दिए।

# बिना अनुमति प्राप्त किए आयोजित होने वाले आयोजनों के विरूद्ध होगी दंडात्मक कार्रवाई

**नीमच**। पुलिस आयुक्त, नगरीय पुलिस भोपाल श्री हरिनारायणचारी मिश्र ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा - 163 (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए है। जारी आदेश अनुसार समस्त प्रकार के आयोजनों जैसे धरना, प्रदर्शन, आंदोलन, जूलुस, रैली, आमसभा, पुतला दहन, पद यात्रा, रथ यात्रा, वाहन रैली, ज्ञापन, कार्यालय, निवास व शासकीय भवन का घेराव आदि के आयोजन के लिए पुलिस उपायुक्त, आसूचना एवं सुरक्षा, नगरीय पुलिस भोपाल से अनुमति प्राप्त किया जाना आवश्यक होगा, बिना अनुमति प्राप्त किये आयोजित होने वाले आयोजनों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सकेगी, साथ ही ऐसे आयोजित कार्यक्रमों में अव्यवस्था एवं कानून व्यवस्था के दौरान होने वाली क्षति/क्षतियां की जिम्मेदारी भी आयोजकों की होगी। भोपाल शहर की सीमा के अंदर किसी भी समुदाय के व्यक्ति द्वारा दुसरे समुदाय की भावनाओं के विपरीत ऐसा कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जायेगा और न ही दूसरे समुदाय की धार्मिक भावनाओं के विरूद्ध किसी प्रकार का उत्तेजनात्मक भाषण दिया जायेगा, जिससे शांति भंग होने की आशंका हो। अनुमति पत्र में दी गई सभी शर्तों का पालन करना, करवाना आयोजनकर्ता पर बाध्यकारी होगा। भोपाल शहर की सीमा के अंदर कोई भी व्यक्ति ऐसा कोई अनुचित मुद्रण, प्रकाशन नहीं करेगा, जिससे साम्प्रदायिक तनाव अथवा समुदायों के बीच वैमनस्यता उत्पन्न हो। सभी प्रकार के धरना, प्रदर्शन, आंदोलन,जूलुस, रैली, आमसभा, पुतला दहन, पद यात्रा, रथ यात्रा, वाहन रैली, ज्ञापन, कार्यालय, निवास व शासकीय भवन का घेराव आदि में किसी भी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र अथवा विस्फोटक सामग्री का उपयोग व रख-रखाव किया जाना प्रतिबंधित होगा। किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी भी भवन, सार्वजनिक स्थान एवं निजी स्थान पर किसी भी प्रकार के आपित्तजनक हथियार, अस्त्र-शस्त्र, विस्फोटक सामग्री एवं ऐसी किसी भी वस्तु जिससे जनसामान्य को खतरा महसूस हो का संधारण प्रतिबंधित होगा। यदि किसी समुदाय, संगठन, राजनैतिक दलों, समिति, प्रतिनिधि मण्डल एवं आयोजकों द्वारा किसी सार्वजनिक स्थल, शासकीय परिसर, शासकीय कार्यालय, भवन अथवा किसी भी सरकारी संपत्ति को अपने कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार से क्षति पहुंचायी जाती है तो इस प्रकार के कृत्यों के लिए कार्यक्रम के आयोजकों की जिम्मेदारी होगी तथा उनके विरूद्ध विधिसम्मत कार्यवाही की जा सकेगी। यह आदेश सर्वसाधारण को संबोधित है और चूंकि वर्तमान परिस्थितियों में जन-साधारण को इसकी सूचना समयाभाव के कारण देना संभव नहीं है। अतः भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (2) के अंतर्गत एक पक्षीय आदेश पारित किया जाता है। यह आदेश जारी दिनांक से आगामी दो माह तक प्रभावशील रहेगा। उपरोक्त आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

# कार्यालय नगर परिषद डीकेन जिला नीमच (म.प्र.)

क्रमांक–1480, 1483 /रा.वि./2025–26 डीकेन, दिनांक 08/09/2025

**!! भूखण्ड़ नीलामी (ई–निविदा) आमंत्रण सूचना !!**

नगर परिषद् डीकेन के स्वामित्व की गुड़ाहोला मार्ग व गुड़ाहोला मार्ग से हटकर यूआईडीएसएमटी योजना अंतर्गत भूखण्ड़ों का आवंटन, निर्धारित शर्तों एवं म.प्र. नगरपालिका (अचल सम्पत्ति अंतरण) नियम, 2016 के नियमों व संशोधित नियम 04 मई 2021 अनुसार निम्न तालिका मे वर्णित संपत्तियों के विक्रय हेतु आनलाईन पद्धति से **www.mptenders.gov.in.gov.in** के माध्यम से ई–निविदा–कम–आक्शन भूखण्ड़ के सामने अंकित ई–निविदा /नीलामी आमंत्रित की जाती है।

| क. | आनलाईन निविदा कमांक | भूखण्ड़ क्रं. | भूखण्ड़ों /भूखण्ड का आरक्षण | भूखण्ड़ों/ भूखण्ड का आकार (वर्ग मी. में) अनुमानित | भूखण्डों/ भूखण्ड की प्रस्क्षित प्रीमियम रूपये | भूखण्ड़ों/ भूखण्ड की अग्रिम अमानत राशि रू. | निविदा फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2025_UAD_403165_4 | 159 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 02 | 2025_UAD_403166_4 | 160 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 03 | 2025_UAD_403169_4 | 161 | अ.जा./अ.ज.जा. | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 04 | 2025_UAD_403170_4 | 162 | अ.जा./अ.ज.जा. | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 05 | 2025_UAD_403171_4 | 163 | अ.जा./अ.ज.जा. | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 06 | 2025_UAD_403173_4 | 164 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 07 | 2025_UAD_403174_4 | 165 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 08 | 2025_UAD_403175_4 | 166 | अ.जा./अ.ज.जा. | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 09 | 2025_UAD_403176_4 | 167 | अ.जा./अ.ज.जा. | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 10 | 2025_UAD_403177_4 | 168 | अ.जा./अ.ज.जा. | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 11 | 2025_UAD_403178_4 | 169 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 12 | 2025_UAD_403179_4 | 170 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 13 | 2025_UAD_403180_4 | 171 | अ.जा./अ.ज.जा. | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 14 | 2025_UAD_403181_4 | 172 | अ.जा./अ.ज.जा. | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 15 | 2025_UAD_403192_4 | 179 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 16 | 2025_UAD_403193_4 | 180 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 17 | 2025_UAD_403196_4 | 181 | अ.जा./अ.ज.जा. | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 18 | 2025_UAD_403198_4 | 182 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 19 | 2025_UAD_403199_4 | 183 | अ.जा./अ.ज.जा. | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 20 | 2025_UAD_403211_4 | 184 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 21 | 2025_UAD_403215_4 | 185 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 22 | 2025_UAD_403217_4 | 186 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 23 | 2025_UAD_403219_4 | 187 | अ.जा./अ.ज.जा. | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 24 | 2025_UAD_403220_4 | 188 | अ.जा./अ.ज.जा. | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 25 | 2025_UAD_403221_4 | 189 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 26 | 2025_UAD_403222_4 | 201 | अ.जा./अ.ज.जा. | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 27 | 2025_UAD_403223_4 | 202 | अ.जा./अ.ज.जा. | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 28 | 2025_UAD_403225_4 | 203 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |

| क. | आनलाईन निविदा कमांक | भूखण्ड़ क्रं. | भूखण्ड़ों /भूखण्ड का आरक्षण | भूखण्ड़ों/ भूखण्ड का आकार (वर्ग मी. में) अनुमानित | भूखण्डों/ भूखण्ड की प्रस्क्षित प्रीमियम रूपये | भूखण्ड़ों/ भूखण्ड की अग्रिम अमानत राशि रू. | निविदा फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2024_UAD_380813_6 | 155 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 02 | 2024_UAD_380815_6 | 156 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 03 | 2024_UAD_380816_6 | 157 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |

शर्ते :–

1. आनलाईन भूखण्ड़ निलामी ई– निविदा प्रकाशन दिनांक 08.09.2025 से आनलाईन बीड प्रस्तुति करने की दिनांक 08.09.2025 सायं 17:00 बजे तक क्रय कर बिड ऑनलाईन डाली जा सकती है।
2. भूखण्ड़ नीलामी हेतु विस्तृत शर्त/नियम आनलाईन वेबपोर्टल www.mptenders.gov.in.gov.in तथा कार्यालयीन समय मे अवकाश के दिनों को छोडकर नगर परिषद की राजस्व शाखा मे देखी जा सकती है।
3. आनलाईन बीड समीट करने की अंतिम दिनांक– 24.092025 समय – 17:00 बजे निर्धारित है। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन केवल बेबसाईट www.mptenders.gov.in.gov.in पर किया जावेगा।
4. उपरोक्त निविदा के संशोधन केवल वेबसाईट पर ही प्रकाशित किये जावेगें। पृथक से समचार पत्र मे प्रकाशन नही किया जावेगा।
5. ई–निविदा मे भाग लेने हेतु निविदाकार को उल्लेखित वेब पोर्टल पर दिये गए निर्देशानुसार डिजिटल सिग्नेचर बनवाई जाकर नजदीकी एम.पी.आनलाईन कियोस्क तथा उक्त वेब पोर्टल हेल्प डेस्क पर अपलोड कर सकते है।

(श्रवण कुमार पाटीदार)
अध्यक्ष
नगर परिषद डीकेन म.प्र.

(अब्दल रउफ खान)
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद डीकेन म.प्र.

# FSSAI के FOSCOS पोर्टल पर वार्षिक रिटर्न अपलोड करे

## निर्धारित समय के बाद पेनल्टी लगने का प्रावधान है



**नीमच।** जिले के समस्त खाद्य निर्माण एवं पैककर्ता आदि प्रतिष्ठानों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रावधान अंतर्गत FSSAI के FOSCOS पोर्टल पर अपने खाद्य प्रतिष्ठान का वार्षिक रिटर्न (ANNUAL RETURN) ऑनलाइन प्रोर्टल पर वर्ष के 31 मई तक सबमिट करना अनिवार्य है, निर्धारित तिथि के पश्चात एनुअल रिटर्न सबमिट करने पर नियमानुसार पेनल्टी लगने का प्रावधान है । सभी खाद्य प्रतिष्ठान जो खाद्य निर्माता, पैककर्ता को निर्देशित किया जाता है कि जिन खाद्य प्रतिष्ठानों ने वित्तीय वर्ष 2024- 25 का वार्षिक रिटर्न अभी तक अपलोड नहीं किया वो अविलंब अपने खाद्य प्रतिष्ठान का वार्षिक रिटर्न पोर्टल https://foscos.fssai.gov.in/annualreturn/ पर ऑनलाइन सबमिट करे ।

# कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी विभाग सभी विभागीय योजनाओं में इस माह अंत तक शतप्रतिशत लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित करें-चंद्रा

## कलेक्टर ने की ए.पी.सी.संबंद्ध विभागों की योजनाओं की समीक्षा

**नीमच।** पशुपालन, कृषि, उद्यानिकी विभाग सभी विभागीय योजनाओं में इस माह अंत तक शतप्रतिशत लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें और हितग्राहियों को लाभांवित करें। पशुपालन विभाग, पशुओं के उपचार और टीकाकरण के कार्य में तेजी लाए और सभी उपचार योग्य पशुओं का उपचार सुनिश्चित करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में ए.पी.सी.समूह के सभी विभागों बैठक में विभागीय योजनाओं और गतिविधियों की मासिक प्रगति की समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में जिला पंचायत सी.ई.ओ.श्री अमन वैष्णव सहित ए.पी.सी.समूह के सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक जिला पंचायत सी.ई.ओ.श्री अमन वैष्णव सहित ए.पी.सी.समूह के सभी विभागों में अधिकारी उपस्थित थे।बैठक में कलेक्टर ने जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक व जिला अधिकारियों को निर्देश दिए, कि वे बैंक शाखाओं से सतत समन्वय व संवाद कर, विभागीय योजनाओं में बैंकों में प्रस्तुत प्रकरणों में स्वीकृति एवं हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण तत्परतापूर्वक करवाए। बैठक में जिला केंद्रीय बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक को निर्देश दिए गये, कि वे पशुपालन के.सी.सी.के




सहकारी बैंक शाखाओं में लंबित सभी 7 हजार 700 प्रकरणों में इसी माह के.सी.सी.जारी करवाना सुनिश्चित करें।उपसंचालक पशुपालन को जिले में इस माह 20 हजार पशुओं में नस्ल सुधार के लिए कृत्रिम गर्भाधानएवं सेक्स सोर्टेड सीमन का लक्ष्य पूर्ण करवाने के निर्देश दिए गये। बैठक में मत्स्य पालन, कृषि रबी फसल की तैयारी, रबी में उर्वरक की उपलब्धता, फसल बीमा योजना, नैनो, यूरिया का वितरण की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने रबी में सहकारी बैंक को 40 हजार, विपणन संघ के 10 हजार एवं कृषि विभाग को 10 हजार इस तरह कुल 50 हजार नैनो यूरिया की बाटल वितरण का लक्ष्य प्रदान करते हुए इसी रबी सीजन में किसानों को नैनो, यूरिया की बाटल वितरित करने के निर्देश दिए।

# अग्निवीर योजना- इस वर्ष 95 हजार से अधिक युवाओं ने किया

## जिले के अधिकाधिक युवा अग्रिवीर भर्ती के लिए पंजीयन करवाए

**नीमच।** अग्निवीर योजना के माध्यम से भारतीय सेना के लिए स्वयंसेवी उम्मीदवारों का चयन 2021 में शुरू हुआ। अग्निवीर चयन प्रणाली में एक बड़ा नीतिगत बदलाव यह है कि ऑनलाइन मोड में आयोजित होने वाली सामान्य प्रवेश परीक्षा को पहले फिल्टर किया गया है, जबकि पुरानी प्रणाली के अनुसार पहले शारीरिक परीक्षा आयोजित की जाती थी। ऐसा यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया है कि चयनित अग्निवीरों के पास भारतीय सेना में शामिल की जा रही नई हथियार प्रणाली की तकनीक को आत्मसात करने के लिए पर्याप्त ज्ञान का स्तर हो। म.प्र के निदेशक भर्ती कर्नल श्री प्रणय सुब्बा ने बताया कि अग्निवीर योजना को लेकर प्रतिक्रिया बहुत सकारात्मक रही है और हर साल इसके लिए पंजीकरण बढ़ रहा है। मध्य प्रदेश राज्य में भी पंजीकरण में वृद्धि देखी जा रही है और भर्ती वर्ष 2025-26 के लिए 95,337 उम्मीदवारों ने आवेदन किया है। राज्य से पंजीकरण कराने वाले उम्मीदवारों की संख्या बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि सेना मुख्यालय द्वारा जारी आधी रिक्तियाँ राज्य के पंजीकरण आंकड़ों पर आधारित होती है। मध्य प्रदेश में पंजीकरण में हर साल सुधार हो रहा है। अग्निवीर का चयन बहुत ही प्रतिस्पर्धात्मक और रिक्ति और योग्यता आधारित है। पंजीकृत अभ्यर्थियों में से लगभग 40% सामान्य प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करते हैं और अंतत लगभग 20% ही भर्ती रेली में सफल होते हैं। इसलिए पंजीकरण बढ़ाने और अभ्यर्थियों को अभ्यास करने और चयन की संभावनाओ को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराया जाए अगली कॉमन प्रवेश परीक्षा अप्रैल 2026 में आयोजित की जाएगी। इसलिए दिसंबर 2025 तक की अवधि युवाओं तक पहुंचने और उन्हें प्रेरित करने के लिए उपयुक्त रूप से उपयोग की जा सकती है।

# खाद्य एवं औषधि प्रशासन टीम ने की कार्यवाही

**नीमच।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा मध्य प्रदेश भोपाल एवं जिला कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन नीमच की टीम द्वारा खाद्य पदार्थो के नमूने लिए गए । खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री राजू सोलंकी ने बताया कि विगत दिनों आयुक्त खाद्य सुरक्षा मध्य प्रदेश भोपाल को शिकायत भेजी गई थी ।उक्त शिकायत की जांच हेतु सोमवार को जय जोगणिया स्व सहायता समूह भगवानपुरा तहसील जावद जिला नीमच का आकस्मिक निरीक्षण कर मौके पर निर्मित एवं विक्रय हेतु भंडारित खाद्य पदार्थ बनी हुई मूंग मिक्स दाल, मूंगफली तेल, आटा,मिर्ची पाउडर, मूंग दाल, एवं चना दाल के कुल 6 नमूने खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत लिए गए एवं जोधपुर मिष्ठान भंडार कंजार्डा तहसील मनासा जिला नीमच का निरीक्षण कर मौके पर निर्मित मावा का नमूना लिया गया एवं मधुरम फैमिली रेस्टोरेंट मंदसौर रोड़ मनासा का आकस्मिक निरीक्षण कर मौके पर विक्रय हेतु भंडारित खाद्य पदार्थ सोयाबीन तेल, जीरा,



मिर्ची पाउडर, हल्दी पाउडर के नमूने मानक स्तर की जांच हेतु लिए गये।खाद्य नमूने खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए हैं।जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी ।

# डी.एम.द्वारा आगामी त्यौहारों को दृष्टगित रख जिले में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**नीमच।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री हिमांशु चंद्रा व्दारा नीमच जिले में आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय नागरिकता सुरक्षा 2023 की धारा 163(1) के प्रावधानों के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। इस प्रतिबंधात्मक आदेश के अंतर्गत आगामी पर्व यथा नवरात्रि, दुर्गाष्टमी, रामनवमी, दशहरा, वाल्मिकी जयंती, धनतेरस, दीपावली,डॉ.सैयदाना साहब, गोर्वधन पूजा गुरूनानक जयंति जन्म दिवस इत्यादि त्यौहारों के मद्देनजर फेसबुक, व्हाटसअप,(X) एक्स, यु-ट्यूब, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम आदि सोशल मीडिया साईट्स पर आपत्तिजनक पोस्ट, सामग्री डालने, लाईक्स, कमेंटस एवं शेयर करने पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया हैं।जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेशानुसार जिले में विभिन्न मोबाइल कंपनियों, विक्रेताओं द्वारा बिना आवश्यक दस्तावेजों के सिम वितरित करने पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया हैं। कोई भी मकान मालिक एवं व्यापारिक प्रतिष्ठान के मालिक, प्रबंधक अपने मकान अथवा संस्थान को उस समय तक किराए पर नहीं देंगे, जब तक, कि किरायेदार का पूर्ण विवरण संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी को प्रस्तुत नहीं कर देते। नीमच जिले



के समस्त होटलों, लॉज धर्मशाला के मालिक, प्रबंधक तथा व्यापारिक प्रतिष्ठान के मालिक, प्रबंधक उनके द्वारा नियोजित कर्मचारीगण, नौकर, चौकीदार, सुरक्षागार्ड आदि के निवास स्थान, चालचलन आदि का विवरण अपने क्षेत्र के थाना प्रभारी को आवश्यक रूप से प्रस्तुत करेंगे तथा व्यापारिक प्रतिष्ठान व अन्य संस्थान के मालिक किसी भी व्यक्ति को अपने प्रतिष्ठान में काम पर रखने के पूर्व उसका सम्पूर्ण विवरण व आवश्यक जानकारी संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी को देंगे। जिले के शासकीय अथवा निजी ठेके पर चल रहे निर्माण कार्य, चाहे वे किसी भी स्वरूप के हो, ठेकेदार द्वारा नियोजित स्थायी अथवा अस्थायी कर्मचारियों को अस्थाई रूप से दैनिक मजदूरी पर बाहर से लाकर काम पर लगाये गये श्रमिकों, मजदूरों की सम्पूर्ण जानकारी उनके स्थाई पते सहित 07 दिवस में संबंधित थाना प्रभारी को प्रस्तुत करेंगे। आगामी त्यौहारो एवं विभिन्न आयोजनों के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर नियंत्रण के लिए सर्वोच्च न्यायालय के नियमों का पालन किया जाना आवश्यक होगा।

आगामी त्यौहारों एवं धार्मिक आयोजनों के दौरान कोई भी व्यक्ति आग्नेय शस्त्रों (फायर आर्म्स), घातक अस्त्र-शस्त्र जैसे बन्दूक, पिस्तोल, रिवाल्वर, बल्लम, खंजर, शमसीर या अन्य किसी भी प्रकार के हथियार, जिससे जन साधारण को चोट पहुंच सकती है या जिसके प्रयोग से लोकहित को खतरा हो, सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित नहीं कर सकेगा, चाहे वह व्यक्ति लायसेंसधारी ही क्यों न हो। आगामी त्यौहारों के दौरान प्रभाव से धार्मिक, आयोजनों, जुलुस, रैली आदि की अनुमति संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी के लेना अनिवार्य होगा। यदि कोई उपरोकृत आदेश का उल्लंघन करते हुए पाया गया, तो उसके विरूद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा(1) के प्रावधानों के तहत अभियोजन किया जावेगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से 5 नवम्बर 2025 तक प्रभावशील रहेगा।


## कार्यालय नगर परिषद सरवानिया महाराज जिला नीमच म.प्र.

Email id – cmosarwaniya@mpurban.gov.in Phone 07420-299481

क्रमांक 664 /2025 दिनांक 09.09.2025

**ऑन लाईन ( online) निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद द्वारा अनुभवी आर्कीटेक्ट्स/कन्सलटेंट को इस निविदा के माध्यम से सूचित किया जाता है कि नगर परिषद सरवानिया महाराज को निचे वर्णित कार्यो के लिये डिटेल सर्वे कार्य/ड्राईंग/डीजाईन/स्ट्रक्चर डीजाईन तैयार करवाई जाना है तथा वर्णित कार्यो के लिए कार्य पूर्ण होने तक कन्सलटेंट नियुक्त किया जाना है। अतः इच्छुक आर्कीटेक्ट्स/कन्सलटेंट अपने–अपने दर एक मुश्त (LumpSum) राशि आधार पर आनलाईन दिनांक 09.10.2025 को साय 5:30 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है।

| क्रं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र राशी | अमानत राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर सरवानिया महाराज में हॉट बाजार निर्माण हेतु टेण्डर क्रमांक **2025_UAD_450286_1**<br>I. Primary Project Report<br>II. Detail Total station survey and contour survey<br>III. Detail Design & Drawing<br>IV. Detail Project Estimate<br>V. Structure Design Drawing<br>VI. 3D View of Drawing<br>VII. Walkthrow Video of Project | 2000/– | 5000/– | 01 माह |

शर्तेः–

1. आर्कीटेक्ट्स/कन्सलटेंट को दि जाने वाली फीस मुख्य अभियंता नगरीय प्रशासन एवं विकास मध्यप्रदेश भोपल द्वारा जारी फीस पत्रक स्वरुप अनुसार देय होगी पत्रक का अवलोकन कार्यालय समय मे देखा जा सकता है तथा निकाय की वित्तिय स्थिति के अनुसार भुगतान देय होगा।
2. आर्कीटेक्ट्स/कन्सलटेंट को कम्प्लीट डिटेल ड्राईंग/डीजाईन/स्ट्रक्चर डीजाईन तैयार कर उसे इंजीनियरिंग/पोलिटेक्निक कालेज से परिक्षण करवाकर अनुमोदन के लिये कार्यालय संभागीय उपसंचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास (यांत्रिकी प्रकोष्ठ) उज्जैन को भेजा जाना होगा।
3. आर्कीटेक्ट्स/कन्सलटेंट को निर्माण कार्य पूर्ण होने तक सम्पूर्ण सुपर विजन करना होगा।
4. कार्य कि आर्किटेक्चरल ड्राईग, स्ट्रक्चरल ड्राईग एवं मध्यप्रदेश शासन नगरीय प्रशासन एव विकास विभाग के प्रचलित एस.ओ.आर. के अनुसार प्राक्कलन तेयार कर प्रस्तुत करना होगा।
5. अन्य शर्ते कार्यालयीन समय में देखी जा सकेगी।

रूपेन्द्रसिंह जैन
अध्यक्ष
नगर परिषद सर.महा.

रामलाल राठौर
उपाध्यक्ष
नगर परिषद सर.महा.

अब्दुल रउफ खान
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद सर.महा.

# यू पी में मौसम का उतार-चढ़ाव जारी, आज इन 22 जिलों में बारिश और वज्रपात का अलर्ट

उत्तर प्रदेश में मानसून की विदाई के साथ मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर अब भी जारी है. प्रदेश में कहीं-कहीं धूप निकल रही है तो कहीं हल्की बारिश की बौछारें पड़ रही है. बादलों की आवाजाही के बीच मौसम विभाग ने आज (9 सितंबर) को भी प्रदेश के 22 जिलों में बारिश को वज्रपात की चेतावनी दी है.

मौसम विभाग के मुताबिक आज (मंगलवार) पश्चिमी यूपी के कुछ जिलों में गरज चमक के साथ बारिश की बौछारें पड़ सकती हैं, जबकि पूर्वी संभाग में कुछ स्थानों पर मेघ गर्जन के साथ बारिश पड़ने की संभावना जताई गई है. इन जिलों में आकाशीय बिजली चमकने का भी अलर्ट दिया गया है.

## यूपी के इन जिलों में आज बारिश का अलर्ट

यूपी में आज सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी व आसपास के इलाकों में भी आज एक या दो जगहों पर हल्की बारिश की बौछारें देखने को मिल सकती हैं. इन जिलों में कोई खास चेतावनी नहीं दी गई है. वहीं पूर्वी संभाग की बात करें तो यहां के बहराइच, श्रावस्ती, गोंडा, बस्ती, अयोध्या, सुल्तानपुर, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, संत कबीर नगर, अंबेडकर नगर, गोरखपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, गाज़ीपुर, जौनपुर, वाराणसी, चंदौली और सोनभद्र व आसपास के जिलों में आज एक या दो जगहों पर बारिश होगी. इन जिलों में मेघ गर्जन के साथ वज्रपात की भी चेतावनी दी गई है.

## कब तक जारी रहेगा बारिश का दौर?

प्रदेश में आने वाले दिनों में भी हल्की बारिश की बौछारें पड़ने के सिलसिला जारी रहेगा. 10 सितंबर को प्रदेश के दोनों संभागों में कुछ स्थानों पर बारिश होगी, लेकिन कोई चेतावनी नहीं दी गई है. 12 और 13 सितंबर को पश्चिमी संभाग में मौसम तेजी से बदलेगा, इस दौरान कहीं-कहीं भारी बारिश का अनुमान जताया गया है.

# 'कुछ लोग स्कूटर पर बैठकर खुद को पत्रकार कहते हैं', सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस ने कपिल सिब्बल से पूछे कड़े सवाल



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (8 सितंबर 2025) को पत्रकार महेश लांगा की जमानत याचिका को लेकर गुजरात सरकार और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा. जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने गुजरात गुजरात हाई कोर्ट की ओर से जमानत देने से इनकार करने को चुनौती देने वाली लांगा की याचिका पर नोटिस जारी किया, लेकिन सवाल किया कि वह किस तरह के पत्रकार हैं. सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से कहा, ''वह किस तरह के पत्रकार हैं? पूरे सम्मान के साथ कहें तो कुछ बहुत ही सच्चे पत्रकार हैं, लेकिन कुछ लोग ऐसे भी हैं जो स्कूटर पर बैठकर कहते हैं कि हम पत्रकार हैं और वे असल में क्या करते हैं, यह सबको पता है.'' कपिल सिब्बल ने जवाब दिया कि ये सब आरोप हैं. उन्होंने कहा, ''एक प्राथमिकी में उन्हें अग्रिम जमानत मिल जाती है, फिर दूसरी प्राथमिकी दर्ज होती है और फिर से अग्रिम जमानत मिल जाती है, लेकिन अब उन पर इनकम टैक्स चोरी के आरोप में तीसरी प्राथमिकी दर्ज की गई है. उनके खिलाफ और भी कई आरोप हैं.'' उन्होंने कहा कि इस मामले की पृष्ठभूमि भी है. कोर्ट ने नोटिस जारी कर अधिकारियों से जवाब मांगा. गुजरात हाई कोर्ट ने 31 जुलाई को धन शोधन मामले में लांगा की जमानत याचिका इस आधार पर खारिज कर दी थी कि अगर उन्हें जमानत पर रिहा किया गया तो अभियोजन पक्ष के मामले पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा. ईडी ने 25 फरवरी को कहा था कि उसने कथित वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में लांगा को गिरफ्तार किया है. लांगा को पहली बार अक्टूबर 2024 में जीएसटी धोखाधड़ी के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था. लांगा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला अहमदाबाद पुलिस की ओर से धोखाधड़ी, आपराधिक गबन, धोखाधड़ी और कुछ लोगों को लाखों रुपये का गलत नुकसान पहुंचाने के आरोपों पर दर्ज दो मामलों के बाद सामने आया है.

# यमुना का जलस्तर बढ़ने से कई इलाके जलमग्न NDRF ने गर्भवती महिला का किया रेस्क्यू



ग्रेटर नोएडा में लगातार यमुना का जलस्तर बढ़ने से यमुना से सटे हुए गांव में पानी जा घुसा. जिसके कारण गांव वासियों को आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. पुलिस और एनडीआरएफ ने बाढ़ क्षेत्र में फंसे करीब अब तक 20 लोगों को रेस्क्यू कर लिया है. यमुना इलाके के रबूपुरा में बाढ़ में फांसी प्रेग्नेंट महिला को पुलिस ने तत्काल रेस्क्यू कर उसे अस्पताल पहुंचाया, अगर समय नहीं रहता तो महिला और पेट में पल रहे मासूम बच्चे की जान जा सकती थी. गर्भवती महिला का परिवार बाढ़ क्षेत्र में हरियाणा इलाके में रहता है. वह अस्पताल जाने के लिए अपने पति और मासूम बच्चों के साथ निकला था, लेकिन यमुना का जलस्तर बढ़ने से वह यमुना किनारे बाढ़ के पानी में फंस गया था. वहां गर्भवती महिला दर्द से कराह रही थी. इसी दौरान एनडीआरएफ और पुलिस की टीम वहां से निकल रही थी, आवाज आने पर उन्हें तत्काल रेस्क्यू कर अस्पताल भेजा गया. अगर समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जाता तो उसकी जान जा सकती थी. एनडीआरएफ और पुलिस द्वारा प्रेग्नेंट महिला सहित छोटे बच्चों का जो डूब क्षेत्र में फंस गए थे उनके द्वारा इन सभी का रेस्क्यू किया गया. जिस तरीके से यमुना का जलस्तर बढ़ रहा है लगातार पुलिस और प्रशासन पूरी तरीके से मुस्तैद है और पुलिस द्वारा यमुना के बाढ़ क्षेत्र में जाकर लगातार माइक से अनाउंसमेंट भी की जा रही है. जिस तरीके से बाढ़ से यमुना के तट पर बने घरों में पानी घुसा है तो वहीं दूसरी तरफ किसानों की पूरी फसल बर्बाद हो गई है. रबूपुरा कोतवाली इलाके के मेहंदीपुर और चंडीगढ़ में लगातार जल स्तर बढ़ने से प्रशासन के लोग गांव वालों से अपील करते हुए नजर आए.

# आधार को भी बिहार SIR में एक दस्तावेज के तौर पर शामिल किया गया, लेकिन नागरिकता का सबूत नहीं माना जाएगा



बिहार में चल रहे SIR विवाद को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि आधार कार्ड को भी एक दस्तावेज के रूप स्वीकार किया जाएगा, लेकिन उसे नागरिकता का सबूत नहीं माना जा सकता.

बिहार में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम (SIR) में अब आधार कार्ड को भी एक दस्तावेज के रूप स्वीकार किया जाएगा. सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि चुनाव आयोग ने जिन 11 दस्तावेजों को मान्य करार दिया था, उनके साथ 12वें दस्तावेज के रूप में आधार को भी शामिल किया जाए.

हालांकि, कोर्ट ने यह साफ किया है कि आधार सिर्फ एक पहचान का दस्तावेज है, उसे नागरिकता का सबूत नहीं माना जा सकता. वोटर लिस्ट में किसी व्यक्ति का नाम शामिल करने से पहले उसकी नागरिकता की पुष्टि करना चुनाव आयोग का काम है.

## आधार के लिए याचिकाकर्ता पक्ष ने लगाया जोर

बिहार के मुख्य विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल के लिए पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल समेत याचिकाकर्ता पक्ष के सभी वकीलों ने आधार को SIR दस्तावेजों में शामिल करवाने पर विशेष जोर दिया. सिब्बल ने कहा, 'सुप्रीम कोर्ट 3 बार आधार को भी एक दस्तावेज के रूप में स्वीकार करने के लिए कह चुका है, लेकिन चुनाव आयोग उसे अनसुना कर रहा है. जिन अधिकारियों ने आधार को स्वीकार किया, उन्हें कारण बताओ नोटिस भेजा जा रहा है.'

## चुनाव आयोग ने किया विरोध

चुनाव आयोग के लिए पेश वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने इस दलील का कड़ा विरोध किया. उन्होंने कहा, 'सुप्रीम कोर्ट ने ड्राफ्ट लिस्ट में छूटे 65 लाख लोगों के लिए आधार को भी एक दस्तावेज के रूप में स्वीकारने के लिए कहा था.'

वकील राकेश द्विवेदी ने कहा, 'चुनाव आयोग उसका पालन कर रहा है. कई लोग आधार की कॉपी को भी ऑनलाइन अपलोड कर रहे हैं. आयोग आधार को एक पहचान पत्र के रूप में देखता है, इसे नागरिकता का सबूत नहीं माना जा सकता.'

## 'घुसपैठियों को फायदा नहीं पहुंचना चाहिए'

द्विवेदी ने यह भी कहा कि अगर आधार को इकलौते दस्तावेज के रूप में शामिल किया गया तो इससे अवैध घुसपैठियों को फायदा पहुंचेगा. इस पर 2 जजों की बेंच की अध्यक्षता कर रहे जस्टिस सूर्य कांत ने कहा, 'यह कोई नहीं चाहेगा कि अवैध रूप से भारत में रह रहे लोग वोटर लिस्ट में हों. मतदान का अधिकार सिर्फ भारतीय नागरिकों के लिए है.'

## 'आधार वोटर की पहचान का दस्तावेज'

बेंच के सदस्य जज जस्टिस जोयमाल्या बागची ने कहा, 'आधार एक्ट में यह स्पष्ट है कि आधार नागरिकता का सबूत नहीं है, लेकिन हमें जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 23(4) को भी देखना होगा. उसमें आधार को मतदाता की पहचान की पुष्टि करने वाले दस्तावेजों में से एक कहा गया है.'

## कोर्ट का आदेश

इस पर चुनाव आयोग के वकील ने दोहराया कि आधार को पहचान से जुड़े दस्तावेज के रूप में स्वीकार करने में कोई समस्या नहीं है. उसे वोटर लिस्ट में नाम शामिल करने के लिए इकलौता दस्तावेज नहीं माना जा सकता. इसके बाद कोर्ट ने आदेश लिखवाते हुए कहा, 'आधार को 12वां दस्तावेज माना जाए. चुनाव आयोग जमा करवाए गए आधार की वैधता की पुष्टि कर सकता है. आधार को नागरिकता का सबूत नहीं माना जाएगा.' कोर्ट ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई 15 सितंबर को होगी.

## अब तक क्या-क्या हुआ?

बिहार में इस साल नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं. 24 जून को चुनाव आयोग ने एक आदेश जारी कर राज्य में वोटर लिस्ट के विशेष पुनरीक्षण (SIR) की बात कही. इसके खिलाफ कई विपक्षी नेता और एनजीओ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे. कोर्ट ने चुनाव आयोग की संवैधानिक और कानूनी शक्तियों को मान्यता देते हुए SIR को रोकने से मना किया.

# टी20I सीरीज का अनोखा रिकॉर्ड, पूरी सीरीज के सभी टॉस जीतने वाले कप्तान कौन

टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में टॉस का महत्व हमेशा से खास माना जाता है. कई बार टॉस ही मैच का रुख बदल देता है, खासकर जब पिच और हालात बल्लेबाजों या गेंदबाजों के अनुकूल हों, लेकिन सोचिए, अगर कोई कप्तान पूरी सीरीज के सभी टॉस जीत ले तो? क्रिकेट इतिहास में कुछ ही ऐसे मौके आए हैं जब कप्तानों ने यह अनोखा कारनामा कर दिखाया है. आइए जानते हैं उन खिलाड़ियों के बारे में जिन्होंने टी20 सीरीज में सभी टॉस जीतकर रिकॉर्ड बुक में नाम दर्ज कराया है.




## महेला जयवर्धने - श्रीलंका

श्रीलंका के महान बल्लेबाज और कप्तान महेला जयवर्धने ने 2008-09 में कनाडा में खेली गई टी20 सीरीज में यह कमाल किया था. तीन मैचों की इस सीरीज में उन्होंने सभी टॉस अपने नाम किए और 3-0 से टीम को जीत भी दिलाई थी. यह रिकॉर्ड आज भी उनकी कप्तानी की खास उपलब्धियों में गिना जाता है.

## विलियम पोर्टरफील्ड - आयरलैंड

आयरलैंड के कप्तान विलियम पोर्टरफील्ड ने 2009-10 में आईसीसी वर्ल्ड टी20 क्वालिफायर (यूएई) में खेले गए चार मैचों की सीरीज में सभी टॉस जीते थे. हालांकि टीम ने इस दौरान दो मैच जीते और दो गंवाए, लेकिन पोर्टरफील्ड का यह रिकॉर्ड दिखाता है कि कभी-कभी टॉस जीतना ही काफी नहीं होता, असली काम मैदान पर प्रदर्शन से होता है.

## स्टुअर्ट ब्रॉड - इंग्लैंड

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज और कप्तान स्टुअर्ट ब्रॉड ने 2011/12 में पाकिस्तान के खिलाफ यूएई में खेली गई सीरीज में तीन में से सभी टॉस जीत लिए थे. हालांकि उनकी टीम सभी मैच नहीं जीत सकी,

# कानपुर में मेट्रो निर्माण कार्य पर बुरी तरह भड़की मेयर प्रमिला पांडे

कानपुर में इस बार मानसून सीज़न में जल भराव की समस्या ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है. इसकी एक वजह से शहर में मेट्रो निर्माण कार्य को बताया जा रहा है. जिसकी वजह से जल की निकासी नहीं हो पा रही. कानपुर की मेयर प्रमिला पांडे ने इसे लेकर भड़कती हुई दिखाई दीं. उन्होंने कहा कि मेट्रो की वजह से ये जगह नरक बन गई है. दरअसल सोमवार को कानपुर में बारिश की वजह से यहां के आरटीओ मार्ग, काकदेव, पांडुनगर लाजपत नगर समेत आसपास के कई इलाकों में जबरदस्त जलभराव हो गया, जिसकी वजह से पूरे इलाके में लंबा जाम लग गया. लोग घंटों तक जाम में फंसे रहे. कई लोगों की तो गाड़ियां ही बंद पड़ गईं. जिसके बाद लोगों में भी खासी नाराजगी दिखाई दी. मामला सामने आने के बाद आज मंगलवार को कानपुर की मेयर प्रमिला पांडे ने प्रभावित इलाकों का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने इलाके में हो रहे मेट्रो निर्माण कार्य पर अपनी भड़ास निकाली. मेयर ने कहा कि "मैं ये नहीं कह रही हूं कि पहले पानी नहीं भरता था. लेकिन, जब से मेट्रो वालों ने काम करना शुरू किया है. तब से गोविंद नगर से विजय नगर तक आसपास के सब इलाके बर्बाद है."

## वो तड़पता रहा, लोग वीडियो बनाते रहे, गंधवानी में नशे में धुत शख्स नदी में बहा

धार जिले के गंधवानी क्षेत्र में भारी बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं. चारों तरफ पानी भरा हुआ है और हालात खतरनाक बने हुए हैं. इस बीच एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है. यहां नशे में धुत एक युवक ने तेज बहाव वाली नदी को पार करने की कोशिश की और वह अचानक पानी के तेज प्रवाह में बह गया. यह पूरी घटना वहां मौजूद लोगों ने अपने मोबाइल में कैद कर ली, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.



### संतुलन बिगड़ने से हुआ हादसा

मिली जानकारी के अनुसार, युवक ने शराब के नशे में नदी की लहरों को हल्के में लिया और बिना सोचे-समझे उसमें उतर गया. शुरुआत में वह किनारे-किनारे चलता रहा, लेकिन कुछ ही देर बाद उसका संतुलन बिगड़ गया और नदी का तेज बहाव उसे बहाकर दूर ले गया. आसपास मौजूद लोगों ने उसे रोकने की बहुत कोशिश की, लेकिन नशे में होने के कारण उसने किसी की बात नहीं मानी.

जैसे ही युवक पानी में बहा, वहां मौजूद लोग घबरा गए और जोर-जोर से चिल्लाने लगे. कई लोग उसे बचाने के लिए दौड़े, मगर तेज बहाव के कारण वे कुछ कर नहीं पाए. लेकिन काफी मशक्कत के बाद युवक की जान बच गए और वह सुरक्षित बाहर निकल गया.

### सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं बारिश के दिनों में आम हो जाती हैं. बावजूद इसके लोग लापरवाही करने से बाज नहीं आते. प्रशासन ने भी लोगों से अपील की है कि भारी बारिश और तेज बहाव के समय नदी-नालों को पार करने की कोशिश बिल्कुल न करें. वीडियो वायरल होने के बाद लोग लगातार इस मामले पर चर्चा कर रहे हैं और इसे शराब व लापरवाही का नतीजा बता रहे हैं. यह घटना एक बड़ी चेतावनी है कि ऐसे हालात में सावधानी और जिम्मेदारी ही जीवन बचा सकती है.

# एमपी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के घर चोरी की कोशिश

इंदौर के बिजलपुर इलाके में शुक्रवार (5 सितंबर) देर रात कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के घर में चोरी का प्रयास किया गया. यह घटना रात करीब 2:15 बजे हुई, जब 4 से 5 नकाबपोश बदमाश टामी और कटर लेकर पटवारी के निवास में घुसे. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी. बदमाशों ने किया ऑफिस की भी तलाशी

बदमाश सबसे पहले पटवारी के घर में बने कार्यालय में घुसे और दराज, अलमारियों व लैपटॉप खंगाले लेकिन उन्हें कोई कीमती सामान हाथ नहीं लगा. यहां तक कि ऑफिस में रखा फोन और एटीएम कार्ड भी नहीं उठाया गया. पुलिस के अनुसार, बदमाशों की संख्या करीब 5 से 6 थी और वे हाथ में टामी और औजार लेकर पूरे परिसर में सक्रिय रहे.




### दूसरे घरों में भी की सेंधमारी

जब बदमाशों को पटवारी के घर में कुछ खास नहीं मिला, तो उन्होंने आसपास के घरों को निशाना बनाया. इनमें पुनासा नगर पंचायत के सीएमओ राजकुमार ठाकुर, बिजली कंपनी के इंजीनियर नरेंद्र दुबे और कारोबारी संकेत आर्य के घर शामिल थे. बदमाश करीब 30 मिनट तक इन घरों में रहे.

हालांकि, संकेत आर्य के जाग जाने और चिल्लाने पर बदमाश मौके से भाग खड़े हुए. स्थानीय लोगों ने भी इस घटना के बारे में पुलिस को तुरंत सूचना दी.

### सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

पटवारी के पीए अमित शर्मा के अनुसार, पूरे घटनाक्रम का एक बड़ा हिस्सा सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया है. फुटेज में नकाबपोश बदमाश हाथों में टामी और अन्य औजार लिए दिखाई दे रहे हैं. पुलिस अब इस फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान करने की कोशिश कर रही है. पुलिस का कहना है कि यह वारदात बाग-टांडा गिरोह की हो सकती है. मौके पर फोरेंसिक टीम और खोजी कुत्ते भी बुलाए गए हैं ताकि किसी तरह के सुराग मिल सके. मप्र कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी जी के #इंदौर निवास पर शुक्रवार देर रात बदमाशों ने डकैती की कोशिश की है! बड़ी वारदात की मंशा से आए बदमाशों की संख्या 5 से ज्यादा थी!

## जबलपुर में राशन घोटाला, 2 करोड़ की हेराफेरी में फंसे अधिकारी और दुकान संचालक



एक ओर पूरे प्रदेश में लाखों अपात्र हितग्राही सरकार की मुफ्त अनाज योजना का लाभ ले रहे हैं. इस खुलासे के बाद पूरे सरकारी महकमे में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं दूसरी तरफ जबलपुर जिले में एक बड़ा राशन घोटाला सामने आया है, जिसमें सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत से सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS)में करीब 2,20,12,460.00 रुपये की अफरातफरी कर दी गई है.

पूरे मामले में फूड कंट्रोलर सहित चार अधिकारियों और 29 दुकान संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. जिला कलेक्टर की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई के बाद pds सिस्टम को लेकर कई सवाल भी खड़े हो रहे हैं.

### घोटाले का खुलासा

एनआईसी हैदराबाद की जांच में यह सामने आया है कि जबलपुर की 11 राशन दुकानों में पीओएस मशीन और पोर्टल के जरिए स्टॉक में हेरफेर कर गेहूं, चावल, नमक और शक्कर की भारी मात्राएं ग़ायब कर दी गईं. कुल 2 करोड़ 20 लाख कीमत के 391.780 मीट्रिक टन गेहूं, 338.789 मीट्रिक टन चावल, 3.027 मीट्रिक टन नमक और 0.97 मीट्रिक टन शक्कर की गड़बड़ी सामने आई है. कार्रवाई में खुलासा हुआ कि इस घोटाले में सिर्फ राशन दुकान संचालक ही नहीं, बल्कि जिले के वरिष्ठ सरकारी अधिकारी भी शामिल हैं. इनमें तत्कालीन जिला आपूर्ति नियंत्रक नुजहत बानो बकाई, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी भावना तिवारी और सुचिता दुबे, और जिला प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग यूनिट के अक्षय कुमार खरे शामिल हैं.

जांच में यह पाया गया है कि स्टॉक की अफरातफरी की गई मात्रा को पीओएस मशीन/पोर्टल से अवैध रूप से घटाने का कार्य इन्हीं अधिकारियों व कर्मचारियों की सीमित एक्सेस से संभव था.

### एफआईआर में नामजद लोगों की संख्या

इस मामले में कुल 33 लोगों के खिलाफ थाना क्राइम ब्रांच में FIR दर्ज कराई गई है, जिसमें 29 राशन दुकान संचालक और 4 शासकीय सेवक यानी सरकारी अधिकारी सीधे तौर पर आरोपी बनाए गए हैं. इन सभी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023, आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 तथा मध्य प्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 के तहत दंडनीय अपराध की कार्यवाही की जा रही है.

## धार में लापरवाही से पिकअप नदी में बही, बाल-बाल बचा ड्राइवर, चेतावनी बोर्ड नहीं

धार के सेमलीपूरा में दिलावरा नदी पर पिकअप वाहन बह गया.समय रहते चालक की जान बच गई. रपट पर कोई चेतावनी बोर्ड नहीं लगा था. ग्रामीण प्रशासन से सुरक्षा इंतजाम की मांग कर रहे हैं.बारिश का मौसम और लापरवाही मिल जाए, तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है. ऐसा ही नजारा सामने आया है. मध्य प्रदेश के धार जिले के तिरला थाना क्षेत्र से, जहां सेमलीपूरा गांव में दिलावरा नदी पर बनी रपट पर एक पिकअप वाहन बह गया. गनीमत यह रही कि समय रहते चालक की जान बच गई, वरना घटना बड़ी त्रासदी बन सकती थी.मामला तिरला थाना अंतर्गत सेमलीपूरा का है. यहां दिलावरा नदी पर बनी रपट से पिकअप वाहन गुजर रहा था. बारिश के चलते नदी उफान पर थी, और रपट पर पानी तेजी से बह रहा था. गंभीर लापरवाही यह रही कि इस रास्ते पर नदी के दोनों ओर कोई चेतावनी या संकेत बोर्ड तक नहीं लगाए गए थे.

### हादसे में चालक की जान बच गई

चालक को अंदाजा नहीं था कि पुलिया पर पानी का स्तर कितना है. जैसे ही उसने वाहन को रपट पर डाला, पिकअप बीच में ही बंद हो गया और तेज बहाव के कारण नदी में बहने लगा. घटना के बाद नदी के दोनों किनारों पर बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए. लोग सांसें थामकर देखते रहे कि कहीं कोई अनहोनी न हो जाए.फिलहाल हादसे में चालक की जान बच गई, लेकिन इस घटना ने फिर एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर प्रशासन पानी से लबालब रपटों पर चेतावनी बोर्ड क्यों नहीं लगाता? क्या किसी बड़े हादसे का इंतजार है?

### सुरक्षा इंतजाम करने की मांग

गांव के लोगों की मांग है कि प्रशासन जल्द से जल्द इस मार्ग पर सुरक्षा इंतजाम करे, ताकि आने वाले दिनों में किसी और की जान पर आफत न आए. साथ ही, वे चाहते हैं कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं.

बता दें, एक अन्य मामले में मध्य प्रदेश के सागर में तेज बारिश के चलते एक कार तेज बहाव के चपेट में आ गई. गनीमत रही की कार पेड़ से टकरा कर अटक गई, जिसके चलते कार में सवार लोग बाहर आ गए और एक बड़ा हादसा होने से बच गया.

## बाढ़ प्रभावित पंजाब की मदद के लिए राहत कार्य में जुटे हरभजन सिंह

भारत के पूर्व स्पिनर और राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह बाढ़ प्रभावित अपने गृह राज्य पंजाब की मदद के लिए आगे आए हैं. वह राहत कार्य के लिए धन इकट्ठा कर रहे हैं. उनके एक करीबी सूत्र ने पीटीआई को बताया कि अपने सांसद निधि कोष से हरभजन ने राहत कार्यों के लिए आठ स्टीमर नावें स्वीकृत करने के साथ अपने संसाधनों से तीन और नावें दी हैं. सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, ''हरभजन ने कुल 11 स्टीमर नावें दान की हैं. आठ अपनी सांसद निधि से और तीन अपनी जेब से. प्रत्येक नाव की कीमत लगभग 4.5 से 5.5 लाख रुपये हैं. उन्होंने गंभीर रूप से बीमार लोगों को पास के अस्पतालों में सुचारू रूप से पहुंचाने के लिए तीन एम्बुलेंस भी खरीदी हैं.'' पंजाब पिछले कुछ हफ्तों से भारी मानसूनी बारिश और नदी के तटबंधों में दरार के कारण आई गंभीर बाढ़ की स्थिति से जूझ रहा है, जिससे बड़े पैमाने पर लोग विस्थापित हुए हैं और फसलों को भी नुकसान पहुंचा है. कई जिले अभी भी जलमग्न हैं, और राज्य सरकार, स्वयंसेवी समूह बचाव और राहत कार्य में जुटे हुए हैं. क्रिकेटर से राजनेता बने हरभजन सिंह ने भी मदद के लिए अपने दोस्तों और शुभचिंतकों से संपर्क किया है. एक सूत्र के अनुसार हरभजन के अनुरोध पर एक खेल संगठन ने 30 लाख रु का दान दिया है जबकि उनके दो करीबी दोस्तों ने क्रमशः 12 लाख रु और छह लाख रु का योगदान दिया है. सूत्र ने बताया, ''लगभग 50 लाख रु पहले ही इकट्ठे कर दान किए जा चुके हैं.'' उन्होंने यह भी कहा कि प्रभावित परिवारों को भोजन और दवा जैसी आवश्यक वस्तुएं भी नियमित रूप से पहुंचाई जा रही हैं. आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य हरभजन सिंह स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं और उन्होंने आश्वासन दिया है कि जरूरत पड़ने पर और भी सहायता प्रदान की जाएगी.



## बाइक पर कैसे देखें 2025 एशिया कप के लाइव मैच? क्या फ्री में देख पाएंगे स्ट्रीमिंग

आज से एशिया कप 2025 शुरू हो रहा है, जिसका पहला मैच अफगानिस्तान और कॉन्ग कॉन्ग (Afghanistan vs Hong Kong) के बीच खेला जाएगा. वहीं भारतीय टीम अपना पहला मैच कल यानी 10 सितंबर को यूएई के साथ (Tomorrow Asia Cup Match) खेलेगी. एक तरफ टीम इंडिया अपने 9वें एशिया कप खिताब की ओर कदम बढ़ाना चाहेगी, दूसरी ओर ओमान ऐसी टीम है जो पहली बार एशिया कप खेलेगी. 8 टीमों के बीच गजब का रोमांच दिखेगा, लेकिन मोबाइल यूजर्स आखिर एशिया कप मैचों की लाइव स्ट्रीम (Asia Cup 2025 Live Streaming) का आनंद कैसे ले सकते हैं. एशिया कप 2025 के मैचों की लाइव स्ट्रीमिंग 'Sony Liv' एप पर उपलब्ध होगी. एंड्रॉइड फोन यूजर्स फोन में 'Sony Liv' एप डाउनलोड करके लाइव स्ट्रीमिंग का लुत्फ उठा सकते हैं. जी नहीं, मोबाइल यूजर्स फ्री में एशिया कप के मैच नहीं देख पाएंगे. इसके लिए आपको 'Sony Liv' एप का सब्स्क्रिप्शन प्लान खरीदना होगा. एप्लीकेशन पर जाकर आप अपनी पसंद अनुसार सब्स्क्रिप्शन प्लान खरीद सकते हैं, जिसके लिए आपको कम से कम 399 रुपये खर्च करने होंगे.

# जावद क्षेत्र के युवाओं के लिए ए.आई.के माध्यम से रोजगार सृजन की अनुकरणीय पहल प्रारंभ की गई है- विनय सहस्त्रबुद्धे

## जावद क्षेत्र के शासकीय विद्यालयों में ए.आई.शिक्षा के प्रोजेक्ट डीप का हुआ शुभारंभ

**नीमच**। पूर्व मंत्री एवं जावद क्षेत्र के विधायक ओमप्रकाश सखलेचा के प्रयासों से जावद क्षेत्र में अब शिक्षा के साथ, स्वास्थ्य एवं कृषि में AI Technology के इंटीग्रेशन के नवाचारों का शुभारंभ 9 सितंबर 2025 को कृषि उपज मंडी, जावद में आयोजित कार्यक्रम किया गया है। विधायक ओमप्रकाश सखलेचा के नेतृत्व में शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि नवाचारों के क्रम में प्रोजेक्ट दीप – 1500 बच्चों के लिए कौशल प्रशिक्षण, हेल्थ ऐप – फेस स्कैनिंग से 14 प्रकार के स्वास्थ्य परीक्षण,सेवा से प्रसन्नता अभियान – द्वितीय चरण,कृषि उपज मंडी में डोम का लोकार्पण, एवं 1.25 करोड़ की लागत से किसान भवन का भूमिपूजन किया भी किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में पूर्व राज्यसभा सांसद विनय सहस्त्रबुद्धे वर्चुअली मौजूद रहे। इस मौके पर एवं डॉ. विजय भटकर (सुपर कंप्यूटर के जनक), जावद विधायक ओमप्रकाश सखलेचा, विधायक नीमच दिलीप सिह परिहार, विधायक मनासा अनिरूद्ध मारू, जि.प.अध्यक्ष सज्जनसिह चौहान, मंदसौर के पूर्व विधायक यशपाल सिह सिसोदिया, श्रीमती वंदना खण्डेलवाल, महेन्द्र भटनागर, पवन पाटीदार, सभी नगरीय निकायों के अध्यक्ष एवं सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मंचासीन थे। जावद होगा कामयाब ए.आई.और टेक्नॉलाजी के साथ कार्यक्रम को वर्चुअली सम्बोधित करते हुए सुप्रसिद्ध चिंतक विचारक एवं पूर्व



राज्यसभा सांसद विनय सहस्त्रबुद्धे ने अपने उदबोधन में कहा, कि विधायक सखलेचा जावद क्षेत्र के युवाओं को मार्डन टेक्नालॉजी से जोड़ने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं। सहस्त्रबुद्धे ने कहा, कि ए.आई.के माध्यम से युवाओं को रोजगार से जोड़ने की अनुकरणीय पहल जावद क्षेत्र में की जा रही है। यह सराहनीय है। आई.टी. के साथ ए.आई. को भी ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुचाने का कार्य जावद क्षेत्र में किया जा रहा है। ए.आई.सूचना के सागर के रूप में कार्य करता है। उन्होने कहा, कि ए.आई.शिक्षा, सोशल मीडिया के माध्यम से भारतीय संस्कृति सभ्यता और लोगो के बारे में देश, दुनिया को अवगत कराया जाना चाहिए।

विधायक ओमप्रकाश सखलेचा ने अपने स्वागत भाषण में कहा, कि जावद वि.स.क्षेत्र के शासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों को इसी माह से ए.आई.की शिक्षा दी जाएगी। जावद के 30 सरकारी स्कूलों में विशेष आई.सी.टी.लैब भी तैयार की गई हैं। उन्होने कहा,





कि वे लंबे समय से बच्चों को आधुनिक शिक्षा दिलाने के लिए प्रयासरत हैं। क्षेत्र के इच्छुक बच्चों को जापानी शिक्षा दी जा रही है। इसी क्रम में ए.आई. शिक्षा के लिए प्रसिद्ध कम्प्यूटर वैज्ञानिक, आई.टी.लीडर पद्मश्री विजय भटकर की महाराष्ट्र नॉलेज ऑफ कॉरपोरेशन के साथ मिलकर विशेष कोर्स तैयार किए हैं। विधायक श्री सखलेचा ने कहा कि हमारा लक्ष्य है बच्चों को 18 साल की उम्र तक स्वयं के पैरों पर खड़ा करना। ऑनलाइन रोजगार के लिए कई कोर्स हैं। इसमें बच्चों को ऑनलाइन बिजनेस, डिजिटल फ्री लॉसिंग, ट्रैक्स रिटर्न, नेटवर्क लिंक डेवलप करने, लैंग्वेज लर्निंग जैसी कई शिक्षा दी जाएगी। भविष्य में जावद के विद्यार्थी आधुनिक शिक्षा का उपयोग कर जमाने के साथ आगे बढ़ने एवं देश को आगे बढ़ाने में मदद करेंगे।सखलेचा ने कहा, कि डीप प्रोजेक्ट के तहत सभी विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी प्रवेश ले सकेंगे। प्रथम चरण में 1500 बच्चों को शिक्षा देने की योजना है। स्कूली समय के बाद दिन में दो घंटे विशेष क्लासेस लगेंगी। इसमें बच्चों को पहले के 6 माह बेसिक कम्प्यूटर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद अगले छह माह में विषय विशेष की शिक्षा दी जाएगी। इसमें 150 करीब कोर्स तैयार किए हैं। इसमें एआई से हेल्थ सेक्टर, एग्रीकल्चर, रोजगारमूलक कोर्स हैं। कार्यक्रम को मंचासीन अतिथियों ने भी संबोधित किया।

इस कार्यक्रम में ए.आई.विशेषज्ञ नचीकेत भटकर ने कहा, कि जावद में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि के क्षेत्र में ए.आई. के माध्यम से नई शुरूआत हो रही है। इसके माध्यम से रोजगार के अवसर भी बढ़ेगे। ए.आई.देश के 2 करोड़ से अधिक युवाओं तक पहुंच चुका है। मयूर ने पावर प्रजेन्टेशन के माध्यम से ए.आई.का मोबाईल एवं कम्प्यूटर के माध्यम से बडे पैमाने पर उपयोग के बारे में विस्तार से अवगत कराया और डीप डिजीटल, एम्पलाई अनाउन्समेंट प्रोग्राम के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होने ए.आई. का दैनिक जीवन में उपयोग करने के बारे में विस्तार से अवगत कराया। श्री तुषार ने ए.आई.को कृषि में उपयोग के बारे में भी पावर प्रजेन्टेशन प्रस्तुत किया। प्रारंभ में अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक सखलेचा, सजीव शर्मा, अशोक सोनी, सचिव गोखरू, श्याम काबरा, अर्जुन माली, सोहनलाल माली, सूचित सोनी आदि ने अतिथियों का पगड़ी पहनाकर एवं पुष्पहारों से स्वागत किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिह सिसोदिया, एसडीएम श्रीमती प्रीती संघवी, तहसीलदार नवीन गर्ग एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षकगण, जन प्रतिनिधिगण, पार्षदगण, पत्रकारगण एवं बड़ी संख्या में विभिन्न विद्यालयों के हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## तबला गुरुकुल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम, नन्हे पवित ने तबला प्रस्तुति से सभी को किया मंत्रमुग्ध



रतलाम। संस्कृति और समाज के बीच विलुप्त हो रही भारतीय संस्कृति को आज के नन्हे मुन्ने वापस आम जनता के बीच ला रहै है। और ऐसे ही जुनूनी बच्चे आने वाले भविष्य की नई नीव रख रहै है। भारतीय संस्कृति को जोड़ने का ऐसा ही एक भव्य आयोजन रतलाम शहर में आयोजित किया गया। जहाँ नगर के नन्हे बालक पवित धनोडकर ने तबला वादन की ऐसी मंत्र मुग्ध प्रस्तुति दी कि हर कोई देखता ही रह गया। संस्था के बैनरतले आयोजित इंस्ट्रुमेंटल कॉम्पिटिशन में तबला गुरुकुल शास्त्रीय सुगम तबला वादन (जूनियर वर्ग) में पवित पिता भूषण धनोड़कर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। संस्था द्वारा पवित को प्रमाण पत्र,मेडल और शिल्ड दे कर पुरुस्कृत किया गया। इस अवसर पर तबला गुरुकुल डायरेक्ट श्वेता त्रिवेदी, रतलाम के प्रसिद्ध तबला वादक तल्लीन त्रिवेदी एवं गुरुकुल परिवार द्वारा बधाई दी गई। तबला गुरुकुल ने विद्यार्थी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कार पुल के नीचे गिरने से बड़ा हादसा, तीनों पुलिसकर्मी...दो शव बरामद...

**उज्जैन**। उज्जैन जिले के शिप्रा नदी में रात्रि को एक कार पुल से नीचे गिरने से एक बड़ा हादसा हो गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार जिसमें तीन पुलिस कर्मी सवार थे। जिसमें एक महिला आरक्षक भी थी। एक का शव बरामद कर लिया दो कि तलाश जारी है। प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के महाकाल थाना क्षेत्र के बड़े पुल के नीचे शिप्रा नदी में प्रत्यक्षदर्शीयो के अनुसार सुबह-सुबह सफेद कार पानी के उपर नजर आई। उज्जैन जिले के उन्हेल थाना टीआई अशोक शर्मा की हैं जिसमें थाना प्रभारी अशोक शर्मा, एस आई एमएल निनामा, महिला आरक्षक आरती पाल तीनों एक केस के मामले में उज्जैन से जांच के लिए जा रहे थे इस दौरान पुलिया पार करते समय रात्रि को हादसा हो गया। एक लाश वर्दी में यहां से 4 से 5 किलोमीटर दूर मिली जो टीआई अशोक शर्मा की हैं। एस आई मदनलाल निनामा व महिला आरक्षक आरती पाल की तलाश जारी है। जानकारी के मुताबिक उन्हेल टीआई अशोक शर्मा, एसआई मदन लाल कार से उज्जैन से उन्हेल जा रहे थे। रात से ही उनका मोबाइल बंद था और इनकी लास्ट लोकेशन घटनास्थल के पास मिली थी। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि अभी दो दिन पुर्व के 14 साल कि युवती मिसिंग हुई थी। उसकी तलाश में उन्हेल थाना प्रभारी अशोक शर्मा, एसआई निनामा और महिला आरक्षक चिंतामण क्षेत्र की ओर जा रहे थे। इस दौरान शिप्रा नदी का बड़ा पुल पार करते समय अनबैलेंस होकर कार नीचे गिर गई। अभी अशोक शर्मा का शव बरामद कर लिया गया है। अभी एनडीआरएफ की टीम लगी हुई है। दोनों कि तलाश जारी है।









स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अविनाश जाजपुरा के द्वारा यश प्रिंटिंग प्रेस स्कीम नम्बर 36 ए कलेक्टर कार्यालय के सामने मुद्रित एवं कास्मो स्कूल के पास इन्दिरा नगर नीमच से प्रकाशित - सम्पर्क 9893796737 (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र नीमच रहेगा ।)